


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 12 मई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 216 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# नीट की परीक्षा रद्द

## 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में, पेपर लीक की जांच करेगी सीबीआई




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) ने भारत सरकार की मंजूरी से, 3 मई 2026 को आयोजित NEET (UG) 2026 की परीक्षा को रद करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही परीक्षा को दोबारा आयोजित करने का निर्णय भी लिया

**● दोबारा परीक्षा के लिए नहीं होगा कोई नया पंजीकरण, कोई अतिरिक्त शुल्क भी नहीं लिया जाएगा**

गया है, जिसकी सूचना जल्द ही दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ने यह फैसला किया है कि इस मामले को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (CBI) को सौंपा जाएगा, ताकि इसमें लगाए गए सभी आरोपों की जांच की जा सके। इस जांच में NTA, CBI को पूरा सहयोग करेगी और जांच के लिए जरूरी सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता उपलब्ध कराएगी। वहीं, दुबारा परीक्षा के लिए किसी भी नए रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं होगी, और न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लिया जाएगा। इसके अलावा, जो शुल्क पहले जमा किया जा चुका है, वह छात्रों को वापस कर दिया जाएगा इस बार परीक्षा NTA अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके दोबारा आयोजित करेगी। इसके अलावा दुबारा होने वाली परीक्षा को लेकर आगे की सूचनाएं, आने वाले दिनों में आधिकारिक माध्यमों से जारी किए जाएंगे। मालूम हो कि, नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 3 मई को देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर करवाया गया था। इसमें 22.79 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) को राजस्थान और उत्तराखंड से पेपर लीक को लेकर सूचना मिली थी। जो कथित तौर पर वास्तविक प्रश्नपत्र से मिलते-जुलते थे। इसके बाद राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (SOG) ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच शुरू की थी। परीक्षा रद करने सहित दुबारा आयोजित कराने को लेकर NTA ने कहा कि, 'केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर 3 मई 2026 को आयोजित की गई NEET (UG) 2026 की परीक्षा को रद करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय भारत सरकार से मंजूरी मिलने के बाद लिया गया। इसके बाद परीक्षा को दुबारा आयोजित कराने को लेकर सूचना जल्द ही अलग से दी जाएगी।'

## बंगाल में नई नियुक्ति पर राहुल गांधी ने लगाए कई गंभीर आरोप



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार की ओर से राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) मनोज कुमार अग्रवाल को मुख्य सचिव नियुक्त किए जाने के बाद सियासी विवाद तेज हो गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस नियुक्ति को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप दोहराया। उन्होंने लिखा, भाजपा-ईसी के चोर बाजार में जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम। राहुल गांधी का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों को लेकर विपक्ष पहले से ही चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहा है।

## पश्चिम यूपी में आंधी-तूफान, 10 जिलों में बारिश, 38 शहरों में अलर्ट

**लखनऊ।** यूपी में मंगलवार सुबह मौसम फिर बदल गया। पश्चिम यूपी में बरेली, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, संभल और बिजनौर में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे पहले, अचानक काले बादल छा गए। धूलभरी आंधी चली। दिन में अंधेरा छा गया। बरेली में 50 की रफ्तार से आंधी चली। इससे सड़क किनारे लगे यूनीपोल उखड़ गए। कई जगह पेड़ की टहनियां टूटकर गिर गईं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी। बाद में क्रेन की मदद से पोल और पेड़ों को सड़क से हटाया गया। वहीं, पूर्वी यूपी में मौसम साफ है। तेज धूप निकली है। मौसम विभाग ने आज मंगलवार को 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। कुछ इलाकों में ओले और बिजली भी गिर सकती है। सोमवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान 42°C के करीब पहुंच गया। बांदा सबसे गर्म शहर रहा। यहां पारा 41.6°C रिकॉर्ड किया गया। लगभग सभी जिलों का न्यूनतम तापमान भी 20°C के पार रिकॉर्ड किया गया। इससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली।

## अब फ्लाइट या चार्टर्ड प्लेन से सफर नहीं कर पाएंगे महाराष्ट्र के मंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की मंजूरी के बिना अब महाराष्ट्र के किसी भी मंत्री को सरकारी विमान या चार्टर्ड विमान का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा खर्च नियंत्रण और ईंधन बचत पर जोर दिए जाने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मंत्रियों की हवाई यात्राओं पर नियंत्रण रखने के लिए नई प्रशासनिक प्रक्रिया लागू की गई है। इसके तहत किसी भी मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी को सरकारी विमान का उपयोग करना हो तो पहले मुख्यमंत्री कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की मंजूरी मिलने के बाद ही विमान उपलब्ध कराया जाएगा।

## लखनऊ होकर 14 मई से चलेगी समर स्पेशल ट्रेन



**लखनऊ।** लखनऊ से होकर समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह वाराणसी-चंडीगढ़ के बीच 14 मई से 12 जुलाई तक चलेगी। इसके अलावा, पुणे-गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन 6 दिन के लिए निरस्त रहेगी। 4 ट्रेनें बदले मार्गों से चलाई जाएंगी। वहीं, लखनऊ मंडल के हरौनी-जैतीपुर सेक्शन में कट कनेक्शन का कार्य पूरा हो गया है। अब इस रूट पर ट्रेनों की स्पीड बढ़ेगी। मध्य रेलवे के पुणे मंडल के अकोलनेर-अहमदनगर-निंबलक स्टेशनों के मध्य रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य के कारण पुणे-गोरखपुर-पुणे समर स्पेशल ट्रेन को 14 से 19 मई के लिए निरस्त कर दिया है। रेलवे के अनुसार, पुणे से 14, 15, 16, 17 और 18 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 01415 पुणे-गोरखपुर समर स्पेशल निरस्त रहेगी।

## हिमंत सरमा फिर असम के सीएम



**● पीएम मोदी, राजनाथ सहित अन्य वरिष्ठ नेता रहे मौजूद**

**गुवाहाटी।** असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब हिमंत ने असम में भाजपा का झंडा बुलंद करने की जिम्मेदारी संभाली और उसे अंजाम तक पहुंचाया। वह ये काम 2016 से ही करते आ रहे हैं। यह बात अलग है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने का पहला मौका 2021 में मिला था। हिमंता बिस्वा सरमा ने लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बने हैं। गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में गवर्नर लक्ष्मण आचार्य ने उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। हिमंता के अलावा 4 विधायकों भाजपा के रामेश्वर तेली, अजंता नेओम, AGP के अतुल बोरा, BPF के चरण बोरो ने मंत्री पद की शपथ ली है। इनमें दो बीजेपी और 2 सहयोगी दलों से हैं। शपथ कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत बीजेपी-NDA शासित राज्यों के सीएम और कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे।

## पीएम पर सपा सांसद की टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर आघात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा पीएम मोदी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी पर सीएम योगी आदित्यनाथ भड़क गए। उन्होंने इसे न सिर्फ राजनीतिक कुसंस्कार बताया। बल्कि, वैचारिक दिवालियापन भी करार दिया। सीएम सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ने लिखा कि एक सांसद द्वारा की गई टिप्पणी न केवल अशोभनीय और अक्षम्य है। बल्कि, भारतीय लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर भी गंभीर आघात है। सीएम ने लिखा कि ऐसी टिप्पणी सार्वजनिक जीवन की शालीनता के प्रति अनादर प्रकट करती है। यह 145 करोड़ देशवासियों के जनादेश, विश्वास और भारत की लोकतांत्रिक गरिमा का भी अपमान है। देश की जनता ऐसे अमर्यादित आचरण का उत्तर समय आने पर अवश्य देगी। बताते चलें कि महोबा जिले में समाजवादी पार्टी के प्रदर्शन के दौरान हमीरपुर-महोबा संसदीय क्षेत्र के सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी की थी।

## समय से पहले आ सकता है मानसून



**नयी दिल्ली।** आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। आज मंगलवार से फिर मौसम बिगड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। 12 मई से इसका असर शुरू होगा। इस दौरान आंधी-बारिश हो सकती है। ओले भी गिर सकते हैं। 30 से 40 की स्पीड से हवाएं भी चलेंगी।

## AIADMK का TVK को समर्थन

**● डीएमके का साथ हमारा अस्तित्व खत्म कर देता**



**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत में मंगलवार को एक ऐतिहासिक मोड़ आया जब AIADMK के वरिष्ठ नेता CV शनमुगम के नेतृत्व में कम से कम 30 विधायकों ने मुख्यमंत्री विजय की पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (TVK) को अपना समर्थन देने की घोषणा की। आज मंगलवार सुबह शणमुगम ने बयान दिया, 'हम जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं। यह जनादेश TVK के लिए नहीं, विजय के लिए है। इसलिए हम TVK सरकार को अपना समर्थन देते हैं।' उन्होंने यह भी कहा- अगर हम DMK के साथ गठबंधन करते तो AIADMK का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। 2026 के विधानसभा चुनाव में AIADMK केवल 47 सीटें ही जीत पाई। AIADMK में अब केवल पलानीसामी गुट रह गया है। इसमें 17 नेता हैं। यह कदम ऐसे समय में आया है जब राज्य की सत्ताधारी TVK सरकार बुधवार को विधानसभा में अपना पहला 'फ्लोर टेस्ट' (बहुमत परीक्षण) देने जा रही है। समर्थन की घोषणा करते हुए, शनगुनम ने AIADMK के भीतर किसी भी तरह की फूट की खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका पार्टी को तोड़ने का कोई इरादा नहीं है। यह घटनाक्रम उन खबरों के बीच सामने आया है, जिनमें कहा जा रहा था कि शनमुगम के नेतृत्व वाला विधायकों का यह गुट चाहता है कि पार्टी प्रमुख एडप्पादी K पलानीस्वामी अपने पद से इस्तीफा दे दें।




# पाकिस्तान की दोहरी चाल



**● जंग के दौरान ईरानी विमानों को अपने एयरबेस में दी पनाह**

**● भुगतना पड़ सकता है भारी खामियाजा**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने तेहरान के सैन्य विमानों को अमेरिकी हमलों से बचाने के लिए अपने एक प्रमुख एयरबेस पर सुरक्षित पार्क करने की अनुमति दी थी। हालिया मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के दौरान पाकिस्तान ने ईरान को गुप्त रूप से सैन्य सहयोग दिया है। पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अपने 'नूर खान एयरबेस' पर पनाह दी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हमलों से बचाया जा सके। इस खबर ने वैश्विक राजनीति में खलबली मचा दी है, क्योंकि एक तरफ पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका का दावा कर रहा था, वहीं दूसरी ओर उस पर अमेरिका के साथ 'दोहरी चाल' चलने के आरोप लग रहे हैं। अमेरिकी सीनेटरों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के कड़े रुख को देखते हुए यह कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि इन दावों की पूरी तरह पुष्टि हो जाती है, तो पाकिस्तान को इसके गंभीर रणनीतिक और कूटनीतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। यह खुलासा तब हुआ है जब पाकिस्तान सार्वजनिक रूप से खुद को दोनों देशों के बीच एक 'तटस्थ मध्यस्थ' के रूप में पेश कर रहा था।

## निवेशकों का भरोसा टूटा बाजार में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली का सिलसिला जारी है। सोमवार की गिरावट के बाद मंगलवार को भी प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 525.44 अंक गिरकर 75,489.84 पर आ गया, वहीं निफ्टी 164.5 अंक गिरकर 23,651.35 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में इंफोसिस और एशियन पेंट्स में 3 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई। विदेशी फंड्स की लगातार हो रही निकासी और अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता पर छाए संकट ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर कर दिया है। मंगलवार के शुरुआती कारोबार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 525.44 अंक गोता लगाकर 75,489.84 के स्तर पर आ गया। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 164.5 अंक फिसलकर 23,651.35 पर पहुंच गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 38.5°C
● तापमान न्यूनतम : 25.2°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 12 मई, मंगलवार 2026 (3)





शैक्षिक भ्रमण पर निकली आशा लाइब्रेरी की छात्राओं ने आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल का किया अवलोकन, नेत्र चिकित्सा की गूढ़ और जटिल बारीकियों की ली जानकारी

जनमुख डेस्क

# पोस्टरबाजी पर भड़के सपाई

## डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल, कहा-सत्ता पक्ष के इशारे पर चस्पा किए गए पोस्टर

● उचित कार्रवाई न किए जाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

● विकास के नाम पर किसानों को प्रताड़ित किए जाने पर भी जताया रोष



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार की सुबह जिलाधिकारी वाराणसी से मिला। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ शहर में आपत्तिजनक पोस्टर लगाने की घटना पर भी चर्चा की गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ कुछ अराजक तत्वों द्वारा आपत्तिजनक पोस्टर लगाने की घटना सत्ता पक्ष के इशारे पर की गई है, जिसका उद्देश्य शहर का माहौल खराब करना है। समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वे अपने नेता के सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएंगे और इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मांग की कि इस मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन किसी की छवि को नुकसान पहुंचाना गलत है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में इस घटना को लेकर काफी रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इसके अलावा इस बैठक में उन्होंने नगर निगम वाराणसी द्वारा हाल ही में 200 परिवारों को बुलडोजर कार्रवाई के माध्यम से उजाड़ने, महिलाओं के साथ अभद्रता करने, और फरीदपुर व संदहा में पर्यटन स्थल विकसित करने के नाम पर किसानों को प्रताड़ित करने के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ और स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि बरईपुर और कंदवा चितईपुर में सैकड़ों वर्षों से रह रहे लोगों को बलपूर्वक और अमानवीय तरीके से उजाड़ना गलत और असंवैधानिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में जाति विशेष के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो कि कानून के खिलाफ है। इस दौरान पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता की गई, जिससे 50 से अधिक मवेशी लापता हो गए हैं, सारनाथ में फरीदपुर और संदहा में पर्यटन स्थल विकसित करने के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसी को भी अनावश्यक परेशान नहीं किया जाएगा और आपत्तिजनक पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू, किशन दीक्षित, डॉ. सुभाष राजभर, प्रदीप जायसवाल, विष्णु शर्मा, पूजा यादव, हारून अंसारी, आनंद यादव, संदीप मिश्रा, रामकुमार आदि शामिल थे।

## साइको किलर एनकाउंटर के बाद अनसुलझे रह गए कई सवाल

● सिर्फ दिखाने के लिए हैं रेलवे स्टेशनों पर स्कैनर, सीसीटीवी कैमरे और अन्य आधुनिक उपकरण



**चंदौली/वाराणसी।** जिले में चलती ट्रेन में हुई दो व्यक्तियों हत्या की घटना ने रेलवे सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। वाराणसी से 25 किलोमीटर के दायरे में तीन व्यक्तियों की हत्या करने वाला ट्रेन में सफर करता रहा। ट्रेन में दो असलहे और दो दर्जन जिंदा कारतूस लेकर घूमता रहा, अगर वह ग्रामीणों द्वारा पकड़ा ना जाता तो शायद कुछ और वारदात भी कर सकता था। हालांकि देर रात तीन हत्याएं करने वाले को सीन रीक्रिएट करने के दौरान मुठभेड़ में मार गिराने के बाद सुरक्षा बल राहत तो महसूस कर रहे हैं लेकिन हत्याओं की असल वजह अभी भी सामने नहीं आ सकी है। इस घटना के बाद से रेलवे की सुरक्षा के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद, सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर किया है। तीन दिनों से जंक्शन के आसपास टहल रहे एक अज्ञात व्यक्ति को किसी ने भी नहीं टोका। रुपये, कीमती धातु बरामद करने वाले रेल सुरक्षा बल को भनक भी नहीं लगी। मेटल डिटेक्टर मशीन शोपीस बनी रही और अपराधी वारदात को आसानी से अंजाम देकर निकल भी गया। रेलवे स्टेशनों पर स्कैनर, सीसीटीवी कैमरे और अन्य अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, लेकिन इनकी निगरानी न होने के कारण ये बेकार हो जाते हैं। जब बम की धमकी या बड़ा रेल हादसा होता है, तब ही सुरक्षा टीम सक्रिय होती है, लेकिन इसके बाद स्थिति फिर से सामान्य हो जाती है।

## छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में अगली सुनवाई होगी 19 मई को

**वाराणसी।** फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) कुलदीप सिंह की अदालत में सोमवार को आईआईटी बीएचयू की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में सुनवाई हुई। इस मामले के दूसरे विवेचक शिवाकांत मिश्रा ने कोर्ट में अपना मुख्य बयान दर्ज कराया। बाद में आरोपी कुणाल पांडेय और सक्षम पटेल की ओर से अधिवक्ताओं ने जिरह की। जिरह जारी रखते हुए अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 19 मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी मनोज गुप्ता ने बयान दर्ज कराया। इस दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता भी मौजूद रहे। प्रकरण के अनुसार बीएचयू परिसर में दो नवंबर 2023 की रात आईआईटी की छात्रा के साथ बाइक सवार तीन आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने तीनों के खिलाफ लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान तीनों आरोपियों कुणाल पांडेय, आनंद चौहान उर्फ अभिषेक और सक्षम पटेल का नाम प्रकाश में आने पर उन्हें आरोपी बनाया गया था।

## जन्म के समय शुरूआती कुछ मिनट शिशु के पूरे जीवन की दिशा तय करते हैं : डा. दिव्यांक

● वात्सल्य हॉस्पिटल में विशेष प्रशिक्षण शिविर



**'वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महावीर मंदिर चौराहा स्थित वात्सल्य सुपरस्पेशियलिटी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) इंडिया के तत्वावधान में 'एनआरपी दिवस' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं की जीवन रक्षा के लिये स्वास्थ्यकर्मियों को अत्याधुनिक तकनीकियों से परिचित कराना है। प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डा. दिव्यांक पाठक के निर्देशन में यह विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उन्होंने नवजात पुनर्जीवन (रिससिटेशन) की बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान डाक्टरों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें जन्म के समय सांस लेने में कठिनाई वाले शिशुओं की सहायता के लिए 'गोल्डेन मिनट' का निःशुल्क अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डा. राजेन्द्र पाठक और डा. छाया पाठक की भी उपस्थिति रही। एनएनएफ इंडिया द्वारा यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसका लक्ष्य नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करना और स्वास्थ्यकर्मियों को आधुनिक जीवन रक्षक तकनीकियों में निपुण बनाना है। डा. दिव्यांक पाठक ने इस अवसर पर कहा कि जन्म के समय के शुरूआती कुछ मिनट शिशु के पूरे जीवन की दिशा तय करते हैं।

## बाबा धाम के पुजारियों की सेवा नियमावली लागू

● अनुपालन के लिए अभी करना होगा इन्तजार

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की सेवा में लगे पुजारियों को सम्मानजनक वेतन, भत्ता व अन्य सेवा-सुविधा के लिए अभी इंतजार करना होगा। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने चार दशक के इंतजार के बाद सेवा नियमावली लागू कर दी है, लेकिन इसके अनुपालन की गति बेहद धीमी है। कार्यरत अर्चकों को नियमित करने के लिए अब तक केवल कमेटी का गठन किया जा सका है। इसकी बैठक कब होगी, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। अनुबंध की शर्तों को लेकर अर्चक उत्साहित नहीं नजर आ रहे हैं। सरकार-नियंत्रित देवालयों में सेवादारों व कर्मचारियों के वेतन की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मंदिरों के पुजारियों की 'अनदेखी' पर न्याय की गुहार लगाई गई है। इसमें विश्वनाथ मंदिर का उदाहरण दिया गया है बाद उम्मीद की जा रही थी कि अर्चकों की सेवा बेहतर होगी, लेकिन चार दशक में भी सेवा नियमावली न बनने से नियुक्ति, वेतनमान व सेवा निवृत्ति पर मिलने वाली राशि पर सवाल उठते रहे हैं। इसे दूर करने के प्रयास कई बार हुए, लेकिन हर बार कवायद कार्यवृत्त की फाइलों में दबती रही। मंदिर का परिसर नव्य-भव्य होने के बाद 22 मार्च 2022 को हुई पहली बैठक में सेवा नियमावली का प्रारूप बनाने के लिए 16 सदस्यीय समिति गठित की गई। इसमें न्यास सदस्यों के साथ वित्त एवं लेखा विभाग के अधिकारी शामिल किए गए।

## आशा लाइब्रेरी की छात्राओं ने देखा आंखों का अस्पताल, नेत्र चिकित्सा की बारीकियों को समझा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा भंदहा कला कैथी ग्राम में बालिकाओं के लिए निःशुल्क संचालित आशा पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र की 36 छात्राओं ने वाराणसी के माधोपुर स्थित देश के प्रतिष्ठित आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने अत्याधुनिक तकनीक से नेत्र चिकित्सा की बारीकियों को समझा साथ ही अस्पताल समूह द्वारा संचालित नेत्र चिकित्सा में त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शंकरा आई हॉस्पिटल के यूनिट प्रबंध डॉ भारत सिह, ऑप्टोमेट्रिस्ट इंचार्ज वॉट्सन, मानव संसाधन विभाग के सौरभ पाण्डेय एवं आउटरीच एडमिन संदीप सिंह ने अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं, तकनीक एवं पाठ्यक्रम से परिचित कराया। छात्राओं के समूह के साथ आशा ट्रस्ट के कार्यकर्त्ता प्रदीप सिंह और सौरभ चन्द्र भी सम्मिलित रहे ।

## वाराणसी के तीन खंड शिक्षाधिकारियों का डीएम ने रोका वेतन

**वाराणसी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक राइफल क्लब में हुई। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित समग्र शिक्षा एवं अन्य कार्यक्रमों के प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें तीन ब्लाकों में लापरवाही मिली। कक्षा 5 से कक्षा 6 में बच्चों के नामांकन की प्रगति तीन ब्लाक चिरईगांव, काशी विद्यापीठ एवं नगर क्षेत्र की संतोषजनक न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए।

## डैमेज कंट्रोल करने के लिए बनाया गया हंसराज विश्वकर्मा को मंत्री!

● निशा विश्वकर्मा हत्याकांड को लेकर उपजे रोष को मैनेज करने की कोशिश

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। इस विस्तार में कुल 8 मंत्रियों ने शपथ ली, जिसमें 6 नए चेहरे शामिल है, और दो राज्य मंत्रियों को प्रमोट किया गया है। पिछड़ा वर्ग के हंसराज विश्वकर्मा वाराणसी से आते हैं। इनको मंत्री बनाए जाने का मुख्य वजह कुछ लोग गाजीपुर के कटारिया में निशा विश्वकर्मा मौत कांड से जोड़कर देख रहे हैं क्योंकि निशा विश्वकर्मा कांड से विश्वकर्मा समाज का बहुत बड़ा हिस्सा बीजेपी से ख़ासा नाराज था। उस पर बीजेपी के मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बयान ने आग में घी का काम किया था। इसीलिए हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाकर डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश की गयी।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे स्कूल रेडीनेश प्रोग्राम के तर्ज पर तैयार किए जाएंगे



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की ही भाँति आंगनबाड़ी केंद्र के प्री प्राइमरी स्तर के बच्चों का भी निपुण असेसमेंट कराया जाएगा। इस आशय का निर्देश जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा जिला पोषण समिति की बैठक में दिया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पोषण के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान दिया जाए। चूँकि यही बच्चे प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में प्रवेश लेते हैं। इसलिए इनकी स्कूल रेडीनेश प्रोग्राम के तर्ज पर तैयारी करायी जानी चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्र पर शैक्षिक गतिविधियों का दैनिक कैलेंडर जारी किया जाए और इसकी विधिवत मॉनिटरिंग की जाए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी कराया जाए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु निर्धारित निपुण लक्ष्य समय से हासिल किया जाय।

## रोटरी क्लब सेंट्रल की चार्टर नाइट, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक विज़िट संपन्न

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** डिस्ट्रिक्ट 3120 के अग्रणी एवं सर्वाधिक सक्रिय क्लबों में शामिल की 41वीं चार्टर नाइट एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक विज़िट का भव्य आयोजन होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल, मलदहिया में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटेरियन्स एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो डॉ आशुतोष अग्रवाल ने क्लब द्वारा वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल वास्तव में यूनाइट फॉर गुड की भावना को धरातल पर साकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि बिरला हॉस्पिटल में अत्याधुनिक फेको मशीन, स्लिट लैंप एवं अन्य उपकरण स्थापित होने से हजारों जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिलेगा। समारोह में डॉ अरुण गुप्ता, अवधेश गुप्ता, षष्ठी बोस, कमल कपूर, दिनेश गर्ग, श्याम सुंदर प्रसाद, कुमार अग्रवाल, उमा शंकर पोद्दार, विजय नारायण कपूर, संजय गुप्ता, सुभाष चंद्र बागला, आर सी जैन, राजेंद्र मोहन साह, सुभाष पिपलानी, अनिल गुप्ता, मनोज जाजोदिया, अविनाश मेहरोत्रा, एस डी रघु, ज्ञानेश्वर, उदय राज सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## आजमगढ़ समाचार

### भाजपा नेता लिखी कार की टक्कर से साइकिल सवार दर्जी की मौत



**बिंद्राबाजार।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोसाइ की बाजार के समीप एनएच-4 मार्ग पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार दलसिंगार राम की मौत हो गई। जिस कार ने टक्कर मारी थी उस कार पर भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी लिखा हुआ है।

पुलिस ने कार कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रोहुआ गांव निवासी दलसिंगार राम (50) सोमवार सुबह करीब आठ बजे साइकिल से गोसाई की बाजार स्थित अपनी सिलाई की दुकान पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह नंद पेट्रोल पंप के पास एनएच-4 मार्ग पार कर रहे थे, तभी तेज स्विफ्ट कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोग उन्हें अस्पताल पहुंचाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर गंभीरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कार चालक को वाहन समेत हिरासत में लेकर थाने भेज दिया है। मृतक दलसिंगार राम गोसाई की बाजार में कपड़े सिलने का काम करते थे। वह चार पुत्रों के पिता थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन चालक को कार सहित हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सोनभद्र समाचार

### पुलिया से गिरा टेंपो, पत्नी की मौत, पति सहित 6 घायल

**सोनभद्र/चोपन।** जुगैल थाना क्षेत्र के सेमिया गांव में सोमवार की दोपहर बाद सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में टेंपो सवार निशा (37) की मौत हो गई। पति सुनील पांडेय सहित छह लोग घायल हो गए। उपचार के लिए सभी को चोपन सीएचसी पहुंचाया गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया।

रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पेटराही निवासी सुनील पांडेय पत्नी निशा के साथ एमपी के देवसर (सिंगरौली) रिश्तेदारी में गए हुए थे। वहां से वह सोमवार को टेंपो से वापस हो रहे थे। वाहन पर उनके साथ अन्य लोग भी सवार थे। जुगैल पुलिस को दी तहरीर में सुनील ने बताया कि दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के करीब जैसे ही टेंपो सेमिया गांव के छितिकपुरवा टोले के पास पहुंचा। चालक उसे तेजी से चलाते हुए गलत साइड में चला गया।

## कुशीनगर समाचार

### बाइक सवार ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर, अस्पताल में मौत- कुशीनगर में हुआ हादसा



**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल लाला छपरा गांव के पास सोमवार की सुबह करीब 10 बजे बाइक की चपेट में आई 60 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर आई पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लाला छपरा के दुबौली बाजार निवासिनी 60 वर्षीय लालता देवी सोमवार की सुबह करीब दस बजे घर से खेत जा रही थी। उसी दौरान शुकुल पट्टी की तरह जा रहे एक बाइक सवार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके सर में गंभीर चोट लगने से नाक व कान से खून आना शुरू हो गया था।

बाइक चालक के भी हाथ- पैर में चोट आई थी। मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को दुदही सीएचसी भेजवाया, जहां लालता की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दियाद्व जहां इलाज के दौरान देर रात में मौत हो गई। सूचना पर आई पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।

## मऊ समाचार

### पति और सास की पिटाई से हुई थी मीरा की मौत, दोनों जेल भेजे गए

**मऊ।** जांच के बाद मीरा चौहान (28) हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने रविवार की रात पति अखिलेश चौहान और सास कौशिल्या देवी को बिजपूरा खदरा स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। बीते 30 अप्रैल की शाम चार बजे बीजपुरा खदरा निवासी मीरा चौहान का शव बगल के गांव सरहरा जमीन सरहरा स्थित खेत में मिला था। इससे 24 घंटे पहले वह प्रेमी देवर के साथ शादी की जिद लेकर कोतवाली पहुंची थी।

मीरा ने अखिलेश से भी प्रेम विवाह किया था, जिससे उसे एक तीन वर्षीय बेटा और चार वर्षीय बेटी हैं। सास कौशिल्या देवी ने प्रेम प्रसंग में हत्या का आरोप लगाते हुए प्रेमी देवर सूरज चौहान, उसके पिता मरछू और मां तारा देवी के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी थी। इस आधार पर पुलिस ने बीते छह मई को प्राथमिकी दर्ज की थी।

## प्रयागराज समाचार

### तारीख पर तारीख के लिए सरकार व पुलिस जिम्मेदार, हाईकोर्ट ने फिल्म के संवाद का जिक्र करते हुए कही ये बात



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अदालतों में लंबित मुकदमों के बोझ के लिए सरकार और पुलिस की ढुलमुल कार्यशैली को जिम्मेदार ठहराया है। कोर्ट ने फिल्म दामिनी के संवाद का जिक्र करते हुए कहा कि अदालतों पर लगा तारीख पर तारीख का दाग तब तक नहीं हटेगा, जब तक सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली नहीं सुधरेगी। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की अदालत ने आगरा के मेवालाल की जमानत अर्जी नामंजूर कर दी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि अदालतों में लंबित मुकदमों की समस्या का कारण प्रशासनिक कमियां हैं। ट्रायल कोर्ट में पेशकार, आशुलिपिक और अन्य अनुसचिवीय कर्मचारियों की बड़ी कमी है। इस कारण एक-एक लिपिक हजारों फाइलों का बोझ संभाल रहा है। उधर, पुलिस अदालती समन और वारंट समय पर तामील करने में विफल हो रही है। गवाहों और पुलिस अधिकारियों का अदालत में पेश न होना देरी का एक बड़ा कारण है। कोर्ट ने यह आदेश भी दिया कि जिला पुलिस प्रमुखों और कमिश्नरों को जिला जज की अध्यक्षता वाली मॉनिटरिंग सेल की बैठकों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा, क्योंकि उनकी अनुपस्थिति न्यायिक प्रोटोकॉल का अपमान है। कोर्ट ने कहा सच्चाई यह है कि एक न्यायाधीश तब तक मामले का फैसला नहीं कर सकता जब तक पुलिस अभियुक्तों और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित न करे। समय पर सही फॉरेंसिक रिपोर्ट उपलब्ध न कराई जाए।

## गाजीपुर समाचार

### ब्रेकर पर उछली तेज रफ्तार बाइक, गिरकर महिला की मौत



**सेवराई।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के कैथी गांव के सामने सोमवार को देवल- दिलदारनगर मुख्य मार्ग स्थित ब्रेकर पर तेज रफ्तार बाइक के उछलने से पीछे बैठी मीरा देवी (40) की गिरकर मौत हो गई। वह देवर के साथ बाइक से पुत्री को बीए की परीक्षा दिलाने के लिए उसिया स्थित महाविद्यालय लेकर जा रही थीं।

पुलिस को घटना की सूचना दिए बिना ही परिजन शव को लेकर घर चले गए। लहना गांव निवासी रवि राम ने बताया कि भतीजी रानी का बीए का पेपर दिलाने के लिए उसिया स्थित महाविद्यालय बाइक से जा रहे थे। बाइक पर भतीजी और भाभी मीरा देवी बैठी थीं।

कैथी गांव के सामने देवल- दिलदारनगर मुख्य मार्ग पर ब्रेकर ऊंचा होने से तेज रफ्तार बाइक उछल गई, जिससे पीछे बैठी भाभी मीरा सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में भाभी के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर अचेत हो गईं। उन्हें उपचार के लिए दिलदारनगर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने भाभी को मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की जानकारी होते ही रोते- बिलखते परिवार के सदस्य भी निजी अस्पताल पहुंच गए और शव लेकर घर चले आए।

मृतका का शव घर पहुंचते ही परिजन रोने- बिलखने लगे। इधर, हादसे की जानकारी होते ही बसपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद परवेज खान भी मृतका के दरवाजे पर पहुंचे और पीड़ित परिवार मिलकर शोक व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

गहमर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की जानकारी नहीं है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई होगी।

## बलिया समाचार

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर बरवां चट्टी के पास रविवार की शाम रोडवेज बस ने बाइक सवार दीपक कश्यप को रौंद दिया। इससे उनकी मौत हो गई। एक पखवाड़े पहले शादी हुई थी। सुखपुरा थाना क्षेत्र के घोसवती गांव निवासी दीपक कश्यप की शादी 26 अप्रैल को धूमधाम से हुई थी। वह घर के बड़े बेटे थे और बाहर रहकर मजदूरी कर परिवार चलाते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दीपक रविवार शाम को किसी काम से बरवां चट्टी गए थे। वहां से लौटते समय बलिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में वाराणसी रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें लेकर मऊ के एक निजी अस्पताल पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## सुल्तानपुर समाचार

### बोलेरो ने 2 भाइयों को रौंदा, मौतःशादी से लौटकर बैंड का सामान उतार रहे थे



**सुल्तानपुर।** अखंडनगर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। यह हादसा रविवार देर रात अलाउद्दीनपुर गांव के पास उस समय हुआ, जब वे एक शादी से लौटकर अपने वाहन से बैंड का सामान उतार रहे थे। मृतकों की पहचान अखंडनगर के सरैया मुबारकपुर गांव निवासी अतिबल के पुत्र प्रदीप कुमार (30) और अनिल कुमार (25) के रूप में हुई है। दोनों भाई बैंड बजाने का काम करते थे। प्रदीप और अनिल रविवार दोपहर करीब 2 बजे अपने ऑटो से दौड़ीपुर, सुल्तानपुर से एक बारात में बैंड बजाने जौनपुर के खुटहन स्थित मैरिज हॉल गए थे। रात करीब 2 बजे वे अखण्डनगर-बेलवाई मार्ग पर अलाउद्दीनपुर गांव में ऑटो से बैंड का सामान उतार रहे थे।

इसी दौरान अखंडनगर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक भाई ऑटो में दब गया, जबकि दूसरा बोलेरो में फंसकर कुछ दूर तक घसीटा गया। उनके साथ मौजूद दुर्गेश ने तत्काल एंबुलेंस और परिजनों को सूचना दी। दोनों भाइयों को तुरंत अखंडनगर सीएचसी ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विष्णु स्वरूप यादव ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने सोमवार दोपहर बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। अनिल की 7 जून को बारात जानी थी। उसकी बरच्छा हो चुकी थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं।

इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। कादीपुर के क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने बताया कि एक अज्ञात बोलेरो की टक्कर से दोनों भाइयों की मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## भदोही समाचार

### ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होने से गिरी महिला, मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सुजातपुर गांव के पास रविवार को बाइक से गिरकर घायल महिला कुसुमा देवी (45) निवासी सरईराज-पुतानी की ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार को परिवार वालों ने महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। पति चंद्रबलि ने बताया कि सरई राजपूतानी निवासी कुसुमा देवी अपने मायके इब्राहिमपुर गई थीं। रविवार शाम को वह भतीजे के साथ बाइक से वापस घर लौट रही थीं। सेमराध मार्ग पर सुजातपुर के पास पहुंचने पर बाइक एक ब्रेकर पर उछल गई। इससे बाइक अनियंत्रित होने से वह सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने से वह अचेत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को सीएचसी गोपीगंज लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## जौनपुर समाचार

### ट्रेनों की चपेट में आने से युवक और महिला की मौत

**जौनपुर।** दो घटनाओं में ट्रेनों की चपेट में आने से युवक व महिला की मौत हो गई। महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके लिए जीआरपी जौनपुर प्रयासरत है।

**जलालपुरः** थाना क्षेत्र के त्रिलोचन स्थित रेलवे गेट फाटक के पास रविवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान विमलेश सिंह (40) निवासी ग्राम सोहनी थाना केराकत जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पहुंची जलालपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विमलेश रविवार सुबह से ही घर से निकले थे। बदलापुर : श्रीकृष्णा नगर रेलवे स्टेशन के पश्चिम 23 सी क्रॉसिंग के समीप सोमवार की सुबह ट्रेन से कटकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर जीआरपी जौनपुर शव की शिनाख्त में जुट गई है।

## मीरजापुर समाचार

### विकासखण्डवार एफपीओ अपना 50 से 100 हैक्टर निर्यातोन्मुख क्लस्टर गठन कर उपज का मौलिक या प्रसंस्कृत उत्पाद निर्यात करने पर 10 लाख रुपए का दिया जाएगा अनुदान



**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात नीति 2019 के अंतर्गत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक मझंवा शुचिस्मिता मौर्या, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, मा0 सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह के प्रतिनिधि के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता उपस्थित रहें। बैठक में ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति के अंतर्गत दिए जा रहे विभिन्न अनुदानों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गयी। जिसमें क्लस्टर आधारित खेती कर जनपद में विकासखण्डवार एफपीओ अपना 50 से 100 हैक्टर निर्यातोन्मुख क्लस्टर गठन कर उपज का मौलिक या प्रसंस्कृत उत्पाद निर्यात कर देने पर 10 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त क्लस्टर नजदीक प्रसंस्करण इकाई के द्वारा 40 प्रतिशत निर्यात करने पर निर्यात नीति से अनुदानित कराया जाएगा। इसी प्रकार परिवहन निर्यात नीति के अंतर्गत निर्यातक को परिवहन लागत का अनुदान दिया जाएगा। इसी नीति के अंतर्गत जनपद में मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय में पोस्ट हार्वेस्ट या निर्यात पर डिग्री डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ करने में अनुदान की व्यवस्था होने की कार्रवाई कराये जाने के जानकारी प्रदान किया गया। एपीडा से श्री शुभम राय ने सरदार पटेल निर्यात सुविधा केंद्र चुनार की जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के डा अमित यादव मंडल अधिकारी विन्ध्याचल मंडल उपस्थित रहे।

## देवरिया समाचार

### विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

**तरकुलवा।** सकतुआ बुजुर्ग गांव में रविवार की देर रात एक विवाहिता का शव घर के अंदर पंखे के सहारे फंदे से लटका मिला। चर्चा है कि गृह कलह से तंग आकर विवाहिता ने यह कदम उठाया है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सकतुआ बुजुर्ग गांव निवासी मृत्युंजय गोंड दोनों पैर से दिव्यांग है। रविवार की रात करीब 11 बजे परिवार के सदस्यों ने मृत्युंजय की पत्नी बिंदू देवी (24) का शव पंखे से लटका देखा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी और थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## चंदौली समाचार

### साइको किलर ने 24 घंटे में कीं तीन हत्याएं, एनकाउंटर में हुआ ढेर



**चंदौली।** जिले में 24 घंटे में तीन हत्याओं को अंजाम देने वाले साइको किलर की मुठभेड़ में मौत हो गई। रात करीब 11 बजे दरियापुर में सीन रीक्रिएशन के दौरान वह पुलिस की पिस्टल छीनकर भाग रहा था। आरोपी के सीने और पेट में दो गोलियां लगी हैं। इस दौरान एसआई और जीआरपी सिपाही घायल हुए हैं। डीआईजी वाराणसी रेंज वैभव कृष्ण के मुताबिक अमृतसर के रहने वाले गुरप्रीत सिंह ने पहली वारदात रविवार सुबह 6.45 पर पैसेंजर ट्रेन में अंजाम दी थी। जिसमें आरोपी ने ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में चढ़कर गाजीपुर के रहने वाले 34 साल के मंगरू की हत्या कर दी थी। इसके बाद वह 10 मई की रात 1:30 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में सवार हुआ और बिहार के गया के दिनेश साहू पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी।इस घटना के बाद वह पैदल घूमता रहा, सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे मुगलसराय के जीवक अस्पताल पहुंचा। वहां डॉक्टर से इलाज कराने के लिए पर्ची बनवाई और उसके बाद वार्ड में घुस गया। वहां भर्ती महिला लक्ष्मीना देवी के सिर पर रिवॉल्वर रखकर गोली चला दी। वारदात के बाद भाग रहे आरोपी को वॉर्ड बॉय और बाकी लोगों ने पकड़कर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया था। उसके पास से पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर, डबल बैरल बंदूक और कारतूस बरामद किए थे। आरोपी ने तीन हत्याएं करने की बात कबूली थी। पूछताछ में सामने आया था कि गुरप्रीत सिंह ने 2021 में सेना की नौकरी छोड़ दी थी। 29 अप्रैल को नौकरी के लिए पंजाब से बिहार के आरा गया था। वहां शराब की लत के कारण उसे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी से निकाल दिया था। वह 9 मई को ट्रेन से प्रयागराज गया और फिर चंदौली आ गया। अस्पताल में महिला की हत्या के आरोप में गुरप्रीत को हिरासत में लिया गया था। वह सेना में रह चुका था। आरोपी को शराब पीने की लत थी। जिले में हुई तीनों हत्याओं की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। देर रात वह सीन रीक्रिएशन के दौरान पिस्टल छीनकर भाग रहा था। तब उसे गोली लगी। साइको किलिंग के एंगल से पुलिस जांच कर रही है। कहीं और भी घटना की है तो उसकी भी जानकारी जुटा रहे हैं। उसके पास से हथियार बरामद हुए थे।

## लाइफ मंत्र

### कब रखा जाएगा वट सावित्री का व्रत, जानें शुभ मुहूर्त और महत्व

हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण और पुण्यदायी माना जाता है। वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन रखा जाता है। इस व्रत का संबंध माता सावित्री और सत्यवान की कथा से जुड़ा है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए बरगद के पेड़ की पूजा करती है। माना जाता है कि इस दिन माता सावित्री ने अपने कठिन तप, बुद्धि और पतिव्रता बल से अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। तभी से इस व्रत की प्रथा शुरू हुई है। तो आइए जानते हैं वट सावित्री व्रत के शुभ मुहूर्त और महत्व के बारे में-



**वट सावित्री व्रत 2026 कब है**

अमावस्या तिथि की शुरुआत 16 मई 2026 को सुबह 5 बजकर 11 मिनट पर होगी और अमावस्या तिथि का समापन 16 मई को देर रात 1 बजकर 30 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, वट सावित्री का व्रत 16 मई 2026, शनिवार के दिन रखा जाएगा।


**वट सावित्री शुभ मुहूर्त**

वट सावित्री व्रत पर पूजा के लिए सबसे उत्तम शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 12 मिनट से 08 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। इस दिन अभिजीत मुहूर्त दिन के 11 बजकर 50 मिनट से दोपहर के 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा।

**वट सावित्री का महत्व**

वट सावित्री व्रत के दिन बरगद के पेड़ की पूजा करने का बहुत खास महत्व है। कहा जाता है कि बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, महेश और विष्णु की वास होता है। इस दिन पूरे विधि-विधान के साथ सुहागिन महिलाओं द्वारा इस पेड़ की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और वैवाहिक जीवन में आने वाली परेशानियां दूर होती है।

## Vivo और OnePlus की धमाकेदार एंट्री, 200MP Camera वाले 4 नए Smartphone मचाएंगे धमाल



भारत में इस हफ्ते वीवो और वनप्लस चार नए स्मार्टफोन लॉन्च कर रहे हैं, जो प्रीमियम और मिड-रेंज सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगे। वीवो X300 सीरीज 200MP कैमरा और स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 प्रोसेसर के साथ आ रही है, वहीं वनप्लस नोर्ड CE6 सीरीज गेमिंग परफॉर्मेंस और मिलिट्री-ग्रेड मजबूती पर फोकस कर रही है। अगर आप स्मार्टफोन खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। दरअसल, भारत में मई के पहले हफ्ते में 4 नए स्मार्टफोन लॉन्च किए जाएंगे। बता दें कि, 4 से 9 मई की बीच वनप्लस और वीवो अपने नए डिवाइस लॉन्च करेंगी। इन फोन्स में एआई फीचर्स के साथ 200 मेगापिक्सल का कैमरा और 6.3 इंच डिस्प्ले होगी। आमतौर पर इनकी कीमत 25,000 रुपए से लेकर 1.50 लाख रुपए तक होगी। आइए आपको बताते हैं इस हफ्ते कौन-कौन से स्मार्टफोन लॉन्च होंगे।

**वीवो X300 FE**

वीवो X300 FE स्मार्टफोन मई में लॉन्च होगा, जो कि क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 प्रोसेसर के साथ आएगा। इस फोन का डिस्प्ले 6.31-इंच की 1.5K AMOLED स्क्रीन है । इसके बैक पैनल पर 3 कैमरे हैं, जो कि 50MP का मेन सेंसर (OIS के साथ), 50MP का पेरिस्कोप लेंस और 8MP का अल्ट्रा-वाइड लेंस शामिल है। सेल्फी के लिए 50MP का फ्रंट कैमरा मिलेगा। इस स्मार्टफोन की बैटरी 6500mAh की है। इसे चार्ज करने के लिए 90W की फास्ट चार्जिंग और 40W की वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट दिया गया है।

**वीवो X300 अल्ट्रा**

कैमरा- इस फोन में 200MP का मेन कैमरा, 50MP वाइड-एंगल और 50MP पेरिस्कोप लेंस वाला ट्रिपल सेटअप है। वीवो X300 अल्ट्रा में सेल्फी के लिए 50MP कैमरा और प्रोफेशनल फोटोग्राफी के लिए ZEISS अल्ट्रा किट का सपोर्ट दिया गया है।

-प्रोसेसर और स्पीड- इस फोन की प्रोसेसर की बात करें तो इसमें क्वालकॉम का लेटेस्ट 'स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5' प्रोसेसर दिया है, जो कि एकदम बेहतर परफॉर्मेंस देगा।

-बैटरी और चार्जिंग- फोन में 6600mAh की बड़ी बैटरी है, जो चार्ज करने के लिए 100W की सुपरफास्ट और 40ँ की वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है।

**वनप्लस नोर्ड CE6**

यह स्मार्टफोन भारत में लान्च 7 मई को हो चुका है। दरअसल, यह एक मिलिट्री ग्रेड सर्टिफाइड फोन है, जो काफी मजबूत है। वहीं, पानी और धूल से बचाव करता है। इसमें IP69K तक की टॉप रेटिंग दी गई है।

- डिस्प्ले और गेमिंग- इसमें 6.78-इंच की AMOLED स्क्रीन है, जो 144Hz रिफ्रेश रेट सपोर्ट करती है। बेहतर गेमिंग के लिए इसमें 'स्नैपड्रैगन 7s जेन 4' प्रोसेसर और एक खास टच रिफ्लेक्स चिप दी गई है, जिससे 144fps पर गेमिंग कर सकते हैं।

- बैटरी- फोन में 8000mAh की दमदार बैटरी दी गई है। कंपनी ने दावा किया है कि इसकी हेल्थ 6 साल तक चलेंगी। इसके साथ ही इसमें 80W की फास्ट चार्जिंग भी मिलेगी।

**वनप्लस नोर्ड CE6 लाइट**

यह फोन भारत में लॉन्च हो चुका है। वनप्लस नोर्ड CE6 लाइट में 50MP का मुख्य कैमरा और 8MP का सेल्फी कैमरा है। इसके साथ ही यह मिलिट्री ग्रेड सर्टिफाइड फोन है, जो इस फोन को काफी मजबूत बनाता है।



## Nescod Cooling Technology: अब AC की होगी छुट्टी! बिना बिजली के घर होगा ठंडा, जानें ये अनोखी तकनीक

**सऊदी अरब के वैज्ञानिकों ने Nescod नामक एक क्रांतिकारी कूलिंग तकनीक विकसित की है, जो बिना बिजली के घर को ठंडा कर सकती है। यह तकनीक अमोनियम नाइट्रेट और पानी के एंडोथर्मिक सिद्धांत पर काम करती है, जो एसी के महंगे बिल और पर्यावरणीय नुकसान का एक प्रभावी विकल्प प्रदान करती है।**

क्या आप भी गर्मी के कारण AC और उसके महंगे बिजली बिल से परेशान हैं? तो यह लेख सिर्फ आपके लिए है। असल में अब c से आगे की तकनीक आ गई है, जो बिना बिजली के आपके घर को ठंडा रखेगा। बता दें कि, इस टेक्नोलॉजी का नाम है Nescod यानी कि No Electricity or Sustainable Cooling on Demand, जो कि भविष्य में कूलिंग तकनीक साबित हो सकती है। इस तकनीक की खासियत है कि यह एसी की तरह न तो महंगी और न ही पर्यावरण के लिए खतरनाक है। इसका निर्माण करने का श्रेय सऊदी अरब के किंग अब्दुल्ला यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों को जाता है। इस खास टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से एक यूनिट बिजली खर्च किए आपके घर को ठंडा करेगा।

**आखिर क्या है Nescod टेक्नोलॉजी?**

दरअसल, Nescod तकनीक का मुख्य आधार एक बहुत ही साधारण रसायन है जिसे अमोनियम नाइट्रेट कहा जाता है। इस रसायन का इस्तेमाल खाद बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, इस तकनीक में एंडोथर्मिक (Endothermic) सिद्धांत जुड़ा हुआ है, नमक को पानी में घोला जाता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को सोख लेता है। टेस्टिंग के दौरान पाया गया है कि अमोनियम नाइट्रेट और पानी के मिश्रण ने सिर्फ 20 मिनट के भीतर तापमान को 25°C से घटाकर 3.6°C तक पहुंचाया है। यह प्रक्रिया इतनी प्रभावी है कि यह बिना किसी मोटर या कंप्रेसर के जबरदस्त ठंडक उत्पन्न करती है।

**सोलर पावर बचाएगी बिजली**

रिपोर्ट के अनुसार, इस तकनीक की सबसे बड़ी खूबी यही है कि सोलर पावर पर काम कर सकती है। खासकर एक बार जब अमोनियम नाइट्रेट पानी में घुल जाने के बाद ठंडक पैदा करता है, तो सिस्टम सोलर पावर की मदद से उस पानी को भाप बनाकर उड़ा देता है। इसके बाद नमक के क्रिस्टल दोबारा बन जाते हैं और उन्हें अगली बार फिर से कूलिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरीके से सालों साल Nescod टेक्नोलॉजी से कूलिंग ली जा सकती है।

**बिजली बचाओं और पर्यावरण के लिए बेहद खास है**

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर की बिजली का 10% हिस्सा AC चलाने में इस्तेमाल जरुर होता है। ऐसे में Nescod की टेक्नोलॉजी बिजली के भारी बोझ को कम करती है इसके साथ ही गर्मी से जान छूटती है और मंहगी बिजली का खर्च नहीं बढ़ता। बता दें कि, इस तरह की तकनीक का यूज घर ठंडा करने के अलावा दवाइयों और वैक्सीन को सुरक्षित रखने और भोजन को खराब होने से बचाने के लिए भी किया जाता है।

## सावधान! आपका Smartphone, Laptop बन सकता है 'टाइम बम', Overheating और Blast से ऐसे बचें



भीषण गर्मी में स्मार्टफोन, इन्वर्टर और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ओवरहीटिंग के कारण आग और ब्लास्ट का खतरा बढ़ा देते हैं, एक्सपर्ट्स के अनुसार, ओरिजिनल चार्जर, सही वेंटिलेशन और ओवरलोडिंग से बचकर इन हादसों को टाला जा सकता है।

गर्मियों में जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है वैसे ही आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगती हैं।

ऐसे में लोग शॉर्ट सर्किट या एसी को मानते हैं, हालांकि कई बार हमारी छोटी-मोटी गलतियों के कारण बड़े हादसे हो जाते हैं। भीषण गर्मी में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसे तेजी से ओवरहीट होने लगते हैं, जिससे बैटरी ब्लास्ट, स्पार्किंग और आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।

खासतौर पर स्मार्टफोन, पावर बैंक, इन्वर्टर बैटरी और मल्टी-प्लग बोर्ड जैसे गैजेट्स को लेकर सतर्क रहना काफी जरुरी है।

गैजेट्स एक्सपर्ट मानते हैं कि सही वेंटिलेशन, ओरिजिनल चार्जर और समय-समय पर मेंटेनेंस से ऐसे खतरों को काफी हद तक टाला जा सकता है।

ये चीजें हो सकती हैं खतरनाक स्मार्टफोन और पावर बैंक- चार्जिंग के दौरान इसको बेड या तकिए पर रखना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे हीट बाहर नहीं निकल पाती। धूप में छोड़ने या लोकल चार्जर से इनमें ब्लास्ट का खतरा और भी बढ़ सकता है।

- इन्वर्टर और बैटरी- गर्मी में बैटरियां तेजी से गर्मी होती है। इनको बंद कमरे में रखना या फिर वेंटिलेशन की कमी से ये लीक हो सकता हैं या आग पकड़ सकती हैं। इसलिए यह जहां पर रखें, वहां वेंटिलेशन होना काफी जरुरी है।

- एक्सटेंशन बोर्ड- एक ही बोर्ड पर कई हाई-पावर डिवाइस चलाने से तार गर्म होकर शॉर्ट सर्किट कर सकते हैं। इसलिए ज्यादा भार न आने दें।

-लैपटॉप और गेमिंग PC- असल में धूल जमा होने से कूलिंग फैन काम करना बंद कर देता है, जिससे सिस्टम ओवरहीट होकर स्पार्किंग कर सकता है। इसलिए उसे समय-समय पर साफ करते रहे हैं।

- टीवी और सेट-टॉप बॉक्स- कई घंटों तक टीवी व सेट-टॉप बॉक्स चलने पर ये ओवरहीट हो जाता हैं, जिससे इनके आंतरिक पाट्र्स जल जाते हैं। इसलिए इनके पीछे स्पेस जरुर छोड़ें।

**आग लगने के अन्य प्रमुख कारण**

अक्सर लोगों को लगता है कि आग सिर्फ शॉर्ट सर्किट के कारण ही लगती है, लेकिन कई बार गलत चार्जिंग आदत और खराब वेंटिलेशन भी इसकी वजह से हो सकती हैं।

गर्मियों में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की कार्यक्षमता घट जाती है और वे ज्यादा हीट पैदा करती है। यदि आप रातभर फोन चार्ज करते हैं या इन्वर्टर को किसी ठसाठस भरे स्टोर रूम में रखते हैं, तो पहले ही सतर्क हो जाएं।

**बचाव के टिप्स**

- ओरिजिनल सामान लें- कभी लोकल सामान न लें, हमेशा ब्रांडेड और ओरिजिनल चार्जर या केबल का प्रयोग करें।

- हवा का रास्ता न रोकें- लैपटॉप को हार्ड सतह पर न रखें और इन्वर्टर को खुली जगह पर रखें। हीट होने पर थोड़ी देर बंद करके रख दें।

-ओवरलोडिंग से बचें- एक्सटेंशन बोर्ड पर एक साथ भारी मशीनें (AC, मोटर) न लगाएं।

- रातभर चार्जिंग बंद रखें- डिवाइस फुल चार्ज होते ही प्लग निकाल दें। रातभर चार्जिंग पर न लगाएं। इससे बैटरी को नुकसान पहुंचता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज. वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682